# मीरजापुर पुलिस

## —प्रेस नोट—

दिनांकः03.12.2025

थाना जिगना पुलिस द्वारा अनुमानित कीमत ₹ 08 लाख की हेरोइन के साथ मोटरसाइकिल सवार अभियुक्त गिरफ्तार —

"सोमेन बर्मा" वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये हैं।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में दिनांकः02.12.2025 को उप-निरीक्षक दिवाकर मिश्रा मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना जिगना क्षेत्रांतर्गत फुलवरिया तिराहे के पास से मोटरसाइकिल सवार अभियुक्त बेद प्रकाश चतुर्वेदी पुत्र संजय चतुर्वेदी निवासी हरगढ़ थाना जिगना जनपद मीरजापुर को 40 ग्राम हेरोइन (अनुमानित कीमत ₹ 08 लाख) के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना जिगना पर मु0अ0सं0-365/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को मा0न्यायालय/जेल भेजा गया तथा मौके से बरामद मोटरसाइकिल स्प्लेण्डर अंकित वाहन संख्याःHR98H0394 को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त —

बेद प्रकाश चतुर्वेदी पुत्र संजय चतुर्वेदी निवासी हरगढ़ थाना जिगना जनपद मीरजापुर, उम्र करीब-23 वर्ष।

### विवरण बरामदगी —

कुल 40 ग्राम हेरोइन (अनुमानित कीमत ₹ 08 लाख)

मोटरसाइकिल स्प्लेण्डर अंकित वाहन संख्याःHR98H0394

जामा तलाशी ₹ 500/- नगद।

### पंजीकृत अभियोग —

मु0अ0सं0-365/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना जिगना जनपद मीरजापुर।

### गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय —

फुलवरिया तिराहे के पास से, दिनांकः02.12.2025 को समय 23:57 बजे।

### गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —

उप-निरीक्षक दिवाकर मिश्रा थाना जिगना जनपद मीरजापुर।

मुख्य आरक्षी रवि कुमार सिंह, संजय राय व आरक्षी आशुतोष दूबे।



*******